Grampians Health

# अंतरसांस्कृतिक कार्य योजना 2025-2028

## भूमि के प्रति अभिस्वीकृति

Grampians Health उन भूमियों के पारंपरिक संरक्षकों के प्रति अभिस्वीकृति व्यक्ति करता है, जहाँ हम काम करते हैं - Wadawurrung, Djab wurrung, Wotjobaluk, Jaadwa, Jadawadjali, Wergaia और Jupagulk लोग, और भूमि, जलमार्गों और समुदाय के साथ उनके संबंध। हम उनके अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं और इस सम्मान को आज सभी एबोरिजनल एवं टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए आगे बढ़ाते हैं। Grampians Health एबोरिजनल एवं टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों द्वारा हमारे समाज में दिए गए योगदानों को मान्यता और महत्व देता है। संप्रभुता का परित्याग कभी नहीं किया गया था। यह हमेशा एबोरिजनल (आदिवासी) भूमि थी और हमेशा रहेगी।

## पारिवारिक हिंसा के पीड़ित उत्तरजीवियों को मान्यता

हम महिलाओं, परिवारों और समुदायों पर पारिवारिक हिंसा के भयानक प्रभाव को, और उन बच्चों समेत अन्य पीड़ित उत्तरजीवियों की ताकत और कठिनाई से उबरने की क्षमता को अभिस्वीकृति देते हैं, जिन्हें पारिवारिक हिंसा का अनुभव हुआ है, या जो वर्तमान में इसका अनुभव कर रहे हैं।
हम उन लोगों और उनके परिवार के सदस्यों व दोस्तों को सम्मान देते हैं, जो जीवित नहीं रहे हैं। Grampians Health सभी पीड़ितों के साथ एकजुटता से खड़ा है और एक हिंसामुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई करने के प्रति कृतसंकल्प है।

## समावेशी स्वास्थ्य सेवा

Grampians Health ऑस्ट्रेलियाई संस्कृति की समृद्ध विविधता को अपनाता है और सभी व्यक्ति-विशेषों के समर्थन में खड़ा है, चाहे उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि या लैंगिकता कुछ भी हो। हम ऐसा मानते हैं कि दिव्याँगजनों और न्यूरोडाइवर्जेंट व्यक्ति-विशेषों की सकुशलता को बढ़ाने के लिए सहयोगी और अनुरूपित प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है, जो उनकी भिन्न-भिन्न आवश्यकताओं को दर्शाती हैं और जो सक्षमता के आधार पर भेदभाव को चुनौती देती हैं। Grampians Health समावेशी सेवाएँ और समावेशी कार्यपरिवेश उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी के लिए सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य-देखभाल में विश्वास रखते हैं।



# सामग्री

Grampians Health के बारे में ........ 3
हमारा मिशन, दृष्टिकोण और मूल्य ........ 4
हमारे लोग ........ 5
हमारे पास अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना क्यों है? ........ 6
Grampians Health क्षेत्र में सांस्कृतिक विविधता के आकड़े ........ 7
मुख्य प्राथमिकताएँ ........ 8
नियोजन और निगरानी ........ 8
सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल ........ 9
सामुदायिक संलग्नताएँ, प्रतिनिधित्व और सुलभता ........ 13
सांस्कृतिक परिवर्तन ........ 16

## Grampians Health के बारे में

1 नवंबर 2021 को स्थापित Grampians Health, Ballarat Health Services, Edenhope एवं District Memorial Hospital, Stawell Regional Health और Wimmera Health Care Group को एकीकृत करता है, ताकि कार्यबल और सामुदायिक परिवर्तनों के प्रति अनुकूलनीय सुरक्षित और वहनीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।

यह सहयोगात्मक साझेदारी चार स्वास्थ्य सेवाओं के बीच वर्षों के मजबूत सहयोग पर आधारित है। हम साथ-मिलकर बेहतर स्वास्थ्य-देखभाल प्रदान करेंगे, और अभी व भविष्य में घर के करीब सेवाओं और करियरों को आगे बढ़ाएँगे।

हम जिन समुदायों को सुरक्षित, सुलभ और एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करके सेवित करते हैं, उन्हें गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करना, जिसके परिणामस्वरूप सकारात्मक अनुभव और परिणाम हासिल किए जा सकें।

- हमारे रोगी: हम अपने रोगियों को सकारात्मक अनुभव प्रदान करने में अपनी प्रतिबद्धता के लिए सुदृढ़ हैं, और हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारी स्वास्थ्य सेवा के उपयोगकर्ताओं को ऐसा आभास हो कि उनकी आवश्यकताएँ पूरी हुई हैं और उन्हें प्रभावी समर्थन प्राप्त हुआ है।

- हमारे कर्मी, विद्यार्थी और सेवा साझेदार: हम एक सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति को बनाए रखते हैं, जो न केवल हमसे सेवा प्राप्त करने वाले समुदायों को मजबूत बनाती है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित, सुलभतायुक्त और एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण को भी समर्थित करती है।

- हमारा समुदाय: हम अपने मिशन के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में एक व्यापक समुदाय को महत्व देते हैं। उनकी साझेदारी सभी के लिए सकारात्मक अनुभव और लाभकारी परिणाम प्रदान करने के प्रति हमारे संकल्प की कुंजी है। साथ मिलकर हम एक स्वस्थ एवं अधिक समावेशी भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

Grampians Health का मानना है कि विक्टोरिया के ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्र स्वास्थ्य परिणामों में समानता के हकदार हैं, चाहे आप कहीं भी रहते/ती हों, और हम संपूर्ण ग्रैम्पियंस क्षेत्र को समान रूप से सेवा प्रदान करने के लिए एक प्रमुख क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा मॉडल उपलब्ध कराने का अथक प्रयास करेंगे




*हम एक ऐसा स्वास्थ्य-देखभाल सेवा परिवेश निर्मित करने के प्रति कृतसंकल्प हैं, जो सभी के लिए सुलभ और समावेशी हो। पूरे वर्ष-भर हम अपनी विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों का उत्सव मनाने के लिए एक सद्भावना सप्ताह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। हमारे परिसरों में से एक परिसर में सद्भावना सप्ताह के संकेत पकड़े हुए सर्जिकल रेज़िडेंट डॉ जोशुआ कुवूर और समानता, विविधता एवं समावेशन अध्यक्षा वेरोनिका फर्नियर चित्रित।*

हमारे मूल्य हैं - उत्तरदेयता, सहयोग, करुणा, नवाचार और सम्मान।

# हमारा मिशन, दृष्टिकोण और मूल्य

Grampians Health का मिशन सुरक्षित, सुलभ और संलग्नतायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से हमारे समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करना है।

हमारा दृष्टिकोण क्षेत्रीय और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा का एक विश्वसनीय, प्रगतिशील और अभिनव अग्रणी बनना है।

हालांकि हम विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों और समुदायों से आते हैं, पर हम एकीकृत टीम हैं और हमारा सामूहिक लक्ष्य देखभाल का एकीकृत मॉडल प्रदान करना है, जो हमेशा लोगों को पहले रखता है तथा सुनिश्चित करता है कि उन्हें व्यक्तिगत और दयापूर्ण देखभाल मिल रही है। हमारे मूल्य इस बात के लिए मार्गदर्शन देते हैं कि हम एक-दूसरे, अपने रोगियों और व्यापक समुदाय के साथ कैसे काम करते हैं।

हमारे मूल्य हैं - उत्तरदेयता, सहयोग, करुणा, नवाचार और सम्मान।

## उत्तरदेयता

हम वही करते हैं जो हम कहते हैं, और हम वही कहते हैं जो हम करते हैं।

खुलापन, ईमानदारी और पारदर्शिता हमें साहसी बनने, अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने और अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में हमारी सहायता करते हैं।

## सहयोग

हम साथ-मिलकर मजबूत बनते हैं -

ज्ञान साझा करने, समस्याएँ हल करने, संबंध बनाने और यथासंभव सर्वोत्तम परिणाम उपलब्ध कराने के लिए ताकतों की पहचान और उनका उपयोग करते हुए।

## करुणा

हम प्रदर्शित करते हैं कि हमें परवाह है।

सभी लोग करुणा, दयाभाव और सहानुभूति के साथ व्यवहार किए जाने के पात्र होते हैं।

## नवाचार

हम यथासंभव सर्वोत्तम परिणाम हासिल करने के लिए अनुकूलन और नवाचार करते हैं।

हम हरेक दिन निरंतर सुधार के लिए हमेशा प्रयास करने वाले जिम्मेदारीपूर्ण विकल्प बनाने के उद्देश्य से विशेषज्ञता और अखंडता लागू करते हैं।

## सम्मान

हम सभी लोगों की सराहना करते हैं और उन्हें महत्व देते हैं।

हमारे कार्य-कलाप और शब्द सभी के लिए एक सुरक्षित और निष्पक्ष स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारे संकल्प को दर्शाते हैं।

# हमारे लोग

*Grampians Health ने समावेशी कार्यबल को बढ़ावा देने, विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों के रोगियों के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और समुचित देखभाल सुनिश्चित करने, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सामुदायिक जुड़ाव का मार्गदर्शन करने में सहायता के लिए 2024 में एक अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह की स्थापना की। नीचे हमारी टीम के चित्र हैं, जिसके सदस्य हमारे अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह का नेतृत्व करने में सहायता करते हैं और पूरे वर्ष-भर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हमारी समृद्ध विविधता का उत्सव मनाते हैं।*












# हमारे पास अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना क्यों है?


यह उद्घाटनीय अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण सभी संबंधित कार्यों के लिए हमारे संगठनात्मक दृष्टिकोण की नींव रखती है। यह योजना प्राथमिकता के तीन क्षेत्रों के तहत हमारी वर्तमान और भविष्य की गतिविधियों को एक साथ लाती है और सफलता के लिए हमारे काम का मार्गदर्शन करती है।

उद्घाटनीय अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना हमारे बढ़ते हुए अंतरसांस्कृतिक समुदाय के अंदर समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। Grampians Health सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम तथा और अधिक न्यायसंगत परिवेश सुनिश्चित करने के लिए इस योजना को लागू करने के प्रति कृतसंकल्प है।

हमारा लक्ष्य समुदाय के सदस्यों और कर्मचारियों, इन दोनों की ओर से प्रतिक्रिया को शामिल करके समुदाय की अपेक्षाओं के साथ अपने कार्यों को संरेखित करना और सार्थक परिवर्तन लाना है।

यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण हमें एक ऐसी जगह बनाने में सहायता देगा, जहाँ सभी लोग मूल्यवान और शामिल महसूस करते हैं।








हमारी आपातकाल विभाग टीम सद्भावना सप्ताह के दौरान अक्सर लंच की मेजबानी करती है, जिसमें कर्मचारी अपनी-अपनी संस्कृतियों से भोजन लाते हैं ताकि उसे दूसरों के साथ साझा किया जा सके। संबद्ध आपातकाल नर्स इकाई के मैनेजर लोकन ऐक्करपरंबिल-रवींद्र ने (जो आपातकाल विभाग के प्रवेशद्वार के सामने सद्भावना सप्ताह का झंडा पकड़े हुए चित्रित हैं) आपातकाल विभाग की टीम के लिए लंच के समन्वय में सहायता की।

# Grampians Health क्षेत्र में सांस्कृतिक विविधता के आकड़े

जनसांख्यिकीय आकड़ों से पता चलता है कि 1 अप्रैल 2025 तक Grampians Health के 25% स्टाफ (1,792) दुनिया-भर के 100 देशों से आने वाले आप्रवासी हैं। सबसे बड़े समूह भारत से हैं, जिनमें 8.8% (639) शामिल हैं, और फिलीपींस से आने वाले 3.3% (242) लोग हैं।

सांस्कृतिक विविधता के बारे में डेटा को कर्मियों द्वारा स्वेच्छा से Grampians Health के साथ रोजगार के बारे में अपनी विरासत की पहचान करने या उसके बाद Grampians Health कार्मिक प्लेटफॉर्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी अपडेट करके एकत्र किया जाता है।




दुनिया-भर से आने वाले Grampians Health के कर्मियों का चित्रण (अधिक गहरा रंग = अधिक प्रतिनिधित्व)

| जन्म देश | कर्मियों की संख्या | जन्म देश | कर्मियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 5485 | कनाडा, कोरिया गणराज्य | 13 |
| भारत | 639 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 12 |
| फिलिपींस | 242 | बांग्लादेश, यूनाइटेड किंगडम | 11 |
| नेपाल | 128 | जर्मनी, इराक | 10 |
| इंग्लैंड | 88 | सूडान | 9 |
| श्रीलंका | 75 | कोलंबिया, स्कॉटलैंड | 8 |
| न्यू ज़ीलैंड | 51 | ईरान, कीन्या, पापुआ न्यू गिनी, पोलैंड, ताइवान, युगांडा | 7 |
| चीन | 47 | | |
| मलेशिया | 42 | बर्मा, फिजी, मॉरीशस | 6 |
| ज़िम्बाब्वे | 37 | मिस्र, नीदरलैंड्स | 5 |
| वियतनाम | 28 | टोगो | 4 |
| पाकिस्तान | 23 | ऑस्ट्रिया, ब्राज़ील, कंबोडिया, चिली, क्रोएशिया, डेनमार्क, कुवैत, सऊदी अरब, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात | 3 |
| नाइजीरिया | 21 | | |
| हांग कांग | 20 | अर्जेंटीना, बेलारूस, बोत्सवाना, चेक गणराज्य, एल साल्वाडोर, इज़राइल, इटली, जापान, लीबिया, रूस, सर्बिया एवं मोंटेनेग्रो, स्विट्जरलैंड, वेल्स, ज़ाम्बिया | 2 |
| सिंगापुर | 19 | | |
| आयरलैंड | 17 | अल्बानिया, अज़रबैजान, बहरीन, बेल्जियम, भूटान, ब्रुनेई, फ्रांस, ग्रीस, ग्वाटेमाला, हेटी, हंगरी, आइसलैंड, जॉर्डन, लेबनान, लाइबेरिया, मैक्सिको, मंगोलिया, उत्तरी आयरलैंड, नॉर्वे, ओमान, पेरू, पुर्तगाल, कतर, रोमानिया, रवांडा, समोआ, स्लोवेनिया, सोलोमन द्वीप, स्पेन, तंजानिया, तुर्कमेनिस्तान, यूक्रेन | 1 |
| इंडोनेशिया | 16 | | |
| दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड | 15 | | |

**1 अप्रैल 2025 के दिन तक कुल 7277 कर्मी*

# मुख्य प्राथमिकताएँ

*प्राथमिकता क्षेत्र 1: सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल*



- ऐसा कार्य-नियोक्ता, जो सभी संस्कृतियों से आने वाले रोजगार साधकों की अत्यधिक मांग में है
- सभी कर्मियों के लिए सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल उपलब्ध करना

*प्राथमिकता क्षेत्र 2: सामुदायिक संलग्नताएँ, प्रतिनिधित्व और सुलभता*



- समुदाय और उपभोक्ताओं के साथ संलग्नताएँ
- हमारे कार्य के परिचालन के लिए सामुदायिक प्रतिनिधित्व

*प्राथमिकता क्षेत्र 3: सांस्कृतिक परिवर्तन*



- बहुसांस्कृतिक विविधता और समावेशन को एक विशेष आवश्यकता होने के बजाय मानक कार्यप्रथा बनाना
- स्वास्थ्य कार्यबल में क्षमता निर्माण - इस परिवर्तन को सक्षम बनाने वाली स्थिरता और उत्तरदेयता के लिए सांस्कृतिक रूप से सक्षम कार्यबल महत्वपूर्ण है

# नियोजन और निगरानी

Grampians Health इस अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना के दौरान ऐसी सेवा का निर्माण करना जारी रखेगा, जिसपर हमारा समुदाय भरोसा और गर्व करता है। हम एक ऐसा कार्यबल विकसित करेंगे, जो सशक्त, भली-भांति प्रशिक्षित, सुरक्षित और संलग्न, मूल्यवान है और एक-दूसरे को अपनाता है।

अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना के जीवनकाल में उपलब्धियों और प्रगति की निगरानी व आकलन के लिए एक संपूर्ण Grampians Health दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। Grampians Health समानता, विविधता एवं समावेशन समिति (Equity, Diversity and Inclusion Committee) पहचान में आई विशिष्ट पहलों की आकलन प्रक्रिया, और साथ ही सुलभता व समावेशन में व्यापक संगठनात्मक सुधार और उपलब्धियों का समर्थन करेगा।




*अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह (Intercultural Action Group) हमारे परिसरों में गतिविधियों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि हमारे कार्यबल की समृद्धतापूर्ण विविधता का उत्सव मनाया जाए और इसे अपनाया जाए। बाईं ओर स्टेवेल टीम के सदस्य और दाईं ओर हॉर्शम के कर्मी सद्भावना सप्ताह मनाने में सहायता देते हुए प्रदर्शित हैं।*

# सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल

- ऐसा कार्य-नियोक्ता, जो सभी संस्कृतियों से आने वाले रोजगार साधकों की अत्यधिक मांग में है।
- सभी कर्मियों के लिए सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल उपलब्ध कराना

| हासिल किए जाने वाले कार्य | परिणाम मापन | उत्तरदायित्व | समय सीमाएँ |
|---|---|---|---|
| 1.1 अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना की देखरेख के लिए सलाहकार समूहों और समितियों की स्थापना करना और उन्हें बनाए रखना | a. समानता, विविधता एवं समावेशन समिति अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी योजना के कार्यान्वयन की देखरेख करेगी और वार्षिक रूप से कम से कम 4 बैठकें आयोजित करेगी। | समानता, विविधता एवं समावेशन समिति के/की अध्यक्ष/अध्यक्षा | 2025 |
| | b. एक कार्यकारी समूह समिति का समर्थन करेगा और आवश्यकतानुसार सामुदायिक प्रतिनिधित्व को शामिल करेगा। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2025 |
| 1.2 ऑस्ट्रेलिया और/या Grampians Health क्षेत्र में आने वाले नए कर्मियों को सहायता प्रदान करना | a. कर्मियों के लिए एक उत्प्रेरण (इंडक्शन) और अभिविन्यास (ओरिएन्टेशन) कार्यक्रम विकसित करना, जिसमें स्थानीय सांस्कृतिक सामुदायिक समूहों (उदाहरण के लिए बैलरेट क्षेत्र बहुसांस्कृतिक परिषद, स्थानीय परिषद संपर्क, बहुसांस्कृतिक आयोग) की संलग्नता के लिए सभी अवसरों के सभी विवरण शामिल होंगे। ग्रामीण सामुदायिक संलग्नता को प्राथमिकता देना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| | b. नए आए लोगों के लिए सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त संरक्षक (मेंटर) उपलब्ध कराना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| | c. सभी पत्राचार, प्रणालियों और स्टाफ ईमेल पतों के निर्माण में पसंदीदा नाम का उपयोग सुनिश्चित करना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2025 |
| 1.3 सांस्कृतिक प्रोटोकॉलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की रूपरेखा देने वाले संसाधनों का कर्मियों को सुलभ होना सुनिश्चित करना | यह सुनिश्चित करना कि सांस्कृतिक प्रोटोकॉलों के बारे में जानकारी देने वाले संसाधन समानता, विविधता एवं समावेशन SharePoint पेज़ पर प्रकाशित किए जाते हैं। | समानता, विविधता एवं समावेशन समिति | 2026 |
| 1.4 सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेने वाले कर्मियों के लिए बाधाओं को दूर करना | सांस्कृतिक उत्सवों में शामिल होने को समर्थन देने के लिए मानव संसाधन नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करना। | मुख्य लोक अधिकारी | 2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.5 कर्मियों और समुदाय को साथ आने और मिलने के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित स्थान प्रदान करना | a. सभी मुख्य अस्पताल स्थलों में सुरक्षित सांस्कृतिक स्थान उपलब्ध कराना। | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2027 |
| | b. सभी मुख्य अस्पताल स्थलों में प्रतिबिंबन, आध्यात्मिकता और प्रार्थना के लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराना। | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2027 |
| 1.6 अपने कर्मियों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों और विविधता को स्वीकृति और प्रोत्साहन देना | अपने सभी स्थलों और अपने समुदायों में GH विविधता की दृश्यता सुनिश्चित करना:<br>a. कर्मियों और समुदाय के सांस्कृतिक पृष्ठभूमि डेटा को हासिल करना और उसे बनाए रखना | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2025 |
| | b. Grampians Health की विविधता की पहचान के लिए कलाकृतियाँ, भित्तिचित्र या इंटरेक्टिव मानचित्र विकसित करना | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2028 |
| | c. बैलेरेट बेगोनिया फेस्टिवल परेड या अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों में Grampians Health में संस्कृति की विविधता की परेड करना | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| | d. विविधता को बढ़ावा देने के लिए GH ब्रांडिंग दिशानिर्देशों को अपडेट करना | मुख्य लोकाधिकारी | 2025 |
| | e. हमारे कर्मियों को उनकी विशेषज्ञता और अनुभवों के लिए संलग्न बनाकर उन्हें स्वीकृत या मूल्यवान होने का आभास देना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |
| 1.7 Grampians Health सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण दिनों का उत्सव मनाता है | Grampians Health निम्नलिखित उत्सवों में भाग लेगा:<br>• विश्व धर्म दिवस<br>• चंद्र नव वर्ष (चीनी)<br>• रमादान (इस्लाम)<br>• सद्भावना सप्ताह<br>• वेसक दिवस (बुद्ध दिवस)<br>• योम किप्पर (यहूदी)<br>• दीवाली (हिंदू और सिख)<br>• अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस<br>• क्रिसमस (कैथोलिक और ईसाई)<br><br>उत्सव मनाना, कार्यकारी समूहों या समितियों द्वारा प्रबंधित कर्मी टीमों में की जाने वाली गतिविधियाँ, अथवा सामुदायिक कार्यक्रमों में GH की भागीदारी होता है। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | • 19 जनवरी<br>• जनवरी अंत-फरवरी की शुरुआत<br>• 27 फरवरी-29 मार्च<br>• मार्च अंत<br>• 12 मई<br>• 1 अक्टूबर<br>• 20 अक्टूबर<br>• 18 दिसम्बर<br>• 25 दिसम्बर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.8 कर्मियों को संभवतः अनुभव होने वाले भाषाई अवरोधों को अभिस्वीकृति देना | a. परिचालन के घंटों के दौरान हमेशा अनुवादक सेवाओं (AUSLAN सहित) की उपलब्धता सुनिश्चित करना। यथासंभव आमने-सामने के अनुवादक उपलब्ध कराया जाना। | मुख्य परिचालन अधिकारी | 2026 |
| | b. Grampians Health परिसरों में अनुवादक सेवा प्रदाताओं (AUSLAN सहित) के डेटा संग्रह और रिपोर्टिंग की स्थापना करना। | मुख्य परिचालन अधिकारी | 2026 |
| | c. समुदाय या उच्च कुशलतायुक्त कर्मियों में से यथासंभव सांस्कृतिक संपर्क अधिकारी और/या सामुदायिक भाषा सहायताकर्मी (AUSLAN सहित) उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2026 |
| | d. कर्मियों को भाषा या ऑडियो में समावेशी और सुलभ नैदानिक जानकारी प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए एक 'संसाधन हब' स्थापित करना। सहमति को पसंदीदा भाषा विकल्पों में शामिल करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| | e. स्वास्थ्य-संबंधी जानकारी को समझने-बूझने और हासिल करने में सुधार के लिए कंप्यूटर की सहायता से अनुवाद के उपयोग का अन्वेषण करना, उदाहरण के लिए संपूर्ण परिसरों में CALD एसिस्ट ऐप या टेक्स्ट टू स्पीच सॉफ़्टवेयर जैसे ट्रांस्लेशन सॉफ़्टवेयर के उपयोग का पता लगाना। | मुख्य सूचनाधिकारी | 2027 |
| 1.9 Grampians Health में काम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय परिवार स्थानांतरण का समर्थन करना | a. Grampians Health में स्थानांतरण करने वाले परिवारों के समर्थन के लिए निःशुल्क किराएदारी उपलब्ध कराने के बारे में दिशानिर्देश विकसित करना। | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2025 |
| | b. Grampians Health किराएदारी समझौते पर किराएदार के रूप में जारी बना रहता है, जबतक कि नए कर्मियों के पास उनके नाम पर लीज़ के निष्पादन के लिए उपयुक्त संदर्भ उपलब्ध न हो जाएँ (GH हरेक पखवाड़े वेतन में से किराया काट लेगा)। | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2025 |
| 1.10 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीमार माता-पिता की देखभाल के लिए प्रावधान | अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीमार माता-पिता की देखभाल के लिए दूरस्थ (रिमोट) रूप से काम करने के उद्देश्य से पारिवारिक अवकाश या अनुकूलनशीलता के प्रावधान की जांच करना | मुख्य लोकाधिकारी | 2028 |
| 1.11 एक सांस्कृतिक संलग्नता सर्वेक्षण वितरित करना | a. उपभोक्ता और समुदाय के साथ संलग्नता के लिए एक मार्गदर्शिका विकसित करना, जिसमें CALD समुदाय पर ध्यान दिया गया हो। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |
| | b. अपने सांस्कृतिक और भाषाई कर्मियों के अनुभवों को कैप्चर (ग्रहण) करने के लिए एक सांस्कृतिक संलग्नता सर्वेक्षण का विकास और निष्पादन करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |





*हमारा अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह कर्मियों को अपनी टीम के अंदर विविधता का उत्सव मनाने के लिए विश्व सद्भावना दिवस पर अपनी सांस्कृतिक पोशाक पहनने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे बैलरेट परिसर में विश्व सद्भावना दिवस 2025 में शामिल टीम के सदस्य ऊपर चित्रित हैं।*

# सामुदायिक संलग्नताएँ, प्रतिनिधित्व और सुलभता

- समुदाय और उपभोक्ताओं के साथ संलग्नताएँ
- हमारे कार्य के परिचालन के लिए सामुदायिक प्रतिनिधित्व

| हासिल किए जाने वाले कार्य | परिणाम मापन | उत्तरदायित्व | समय सीमाएँ |
|---|---|---|---|
| 2.1 सभी स्थानीय सांस्कृतिक समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा की दृश्यता और जारी संलग्नताओं को सुनिश्चित करना | a. Grampians Health सेवाओं की सार्थक समझ सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय सांस्कृतिक समुदायों के साथ एक संलग्नता योजना विकसित करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| | b. स्थानीय सांस्कृतिक समुदाय के सामूहिक आयोजनों में Grampians Health के समर्थन और प्रतिनिधित्व का प्रयास करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |
| | c. सभी कर्मियों के उपयोग के लिए SharePoint पृष्ठ पर समारोहों के लिंक्स शामिल करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |
| | d. सामुदायिक समूहों के लिए GH प्रतिनिधि आवंटित करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |
| 2.2 उपभोक्ताओं की सांस्कृतिक विविधता के अप टु डेट जनसांख्यिकीय डेटा की उपलब्धता सुनिश्चित करना | नीति और कार्यक्रम से जुड़े अपडेट्स पर असर डालने और सेवा वितरण को सूचित करने के लिए जनसांख्यिकीय डेटा का संदर्भ लिया जाता है। विविधता-संबंधी डेटा को सटीक रूप से कैप्चर करना और सेवा सुधारों को सूचित करने के लिए नियमित रूप से रिपोर्ट/आकलन करना महत्वपूर्ण है। | मुख्य लोकाधिकारी | 2028 |
| 2.3 सभी सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों के लिए स्वास्थ्य साक्षरता प्रदान करना और इसे समर्थित करना | स्वास्थ्य साक्षरता को एक अतिरिक्त भाषा के रूप में अंग्रेज़ी (English as an Additional Language, ईएएल), अनुवादित और ऑडियो प्रारूपों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2028 |
| 2.4 हमारी सेवाओं का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के समर्थन के लिए एक सांस्कृतिक विविधता अधिकारी वितरित करना | उपभोक्ताओं के लिए एक सांस्कृतिक विविधता अधिकारी पर विचार-मनन करना, जोकि दिव्यांगता संपर्क अधिकारी के समान होगा। | मुख्य लोकाधिकारी | 2028 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.5 यह सुनिश्चित करना कि जिन उपभोक्ताओं के लिए अंग्रेज़ी एक अतिरिक्त भाषा के रूप में है, उनके लिए मार्ग ढूंढना और संकेत-पटलों को समझना-बूझना आसान है | सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण समीक्षा को शामिल करने के लिए Grampians Health संकेत-पटल दिशानिर्देश।<br>संकेत-पटलों में कम से कम लिखित शब्दों तथा और अधिक चित्रों का समावेशन सुनिश्चित करना, जिन्हें विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमियों द्वारा समझा जा सकता है। | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2026 |
| 2.6 उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध दुभाषिया सेवाएँ | a. बिंदु 1.8 के अलावा, केंद्रीय आवंटन और संपूर्ण संगठन में दुभाषियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के माध्यम से भाषांतरण सेवा (AUSLAN सहित) के प्रावधान की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2026 |
| | b. दुभाषिया सेवाओं (AUSLAN सहित) के लिए प्राथमिकतापूर्ण क्षेत्रों की स्थापना करना, उदाहरण के लिए आपातकालीन और तात्कालिक देखभाल विभागों में। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| 2.7 Grampians स्वास्थ्य खाद्य विकल्पों में भोजन विविधता उपलब्ध कराना | खान-पान और कैफे मेनू में सांस्कृतिक रूप से विविधतायुक्त भोजन विकल्पों का समावेशन सुनिश्चित करना। | मुख्य पुनर्विकास एवं अवसंरचना अधिकारी | 2027 |
| 2.8 विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से आने वाले हमारे रेफरिंग पेशेवरों के लिए सकारात्मक अनुभव सुनिश्चित करना | इन सेवाओं को समझने-बूझने में CALD के समर्थन के लिए रेफरल मार्गों में सुधार करना। | मुख्य चिकित्साधिकारी | 2028 |
| 2.9 बहुसांस्कृतिक समुदायों के लिए नैदानिक परीक्षणों और अनुसंधान की सुलभता में सुधार लाना | a. सभी नैदानिक परीक्षणों और अनुसंधान में सांस्कृतिक रूप से विविधतायुक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। CALD समुदायों के लोगों की भागीदारी बढ़ाना। | मुख्य चिकित्साधिकारी | 2027 |
| | b. CALD समुदायों के साथ अनुसंधान परियोजनाओं का सह-डिज़ाइन करना और उनपर ध्यान देना। | मुख्य चिकित्साधिकारी | 2027 |
| | c. शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी और सामुदायिक समूहों के साथ जुड़कर बहुसांस्कृतिक समुदायों की देखभाल में अंतरालों को दूर करने के लिए अनुसंधान और आकलन करना, ताकि स्वास्थ्य-संबंधी चुनौतियों को समझा जा सके। | मुख्य चिकित्साधिकारी | 2027 |

| हासिल किए जाने वाले कार्य | परिणाम मापन | उत्तरदायित्व | समय सीमाएँ |
|---|---|---|---|
| 2.10 Grampians Health सेवाओं में सांस्कृतिक रूप से समावेशी देखभाल योजनाएँ | सभी Grampians Health सेवाओं में सांस्कृतिक रूप से समावेशी देखभाल योजनाओं को एकीकृत करना। | मुख्य नर्सिंग और मिडवाइफरी अधिकारी | 2027 |
| 2.11 अस्पताल के लिए बहुसांस्कृतिक समुदायों के धन उगाहने वाले योगदान को बढ़ाना | अस्पताल के लिए धन उगाहने के उद्देश्य से बहुसांस्कृतिक समुदायों को मार्ग उपलब्ध कराना | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| 2.12 स्वयंसेवी कार्यबल में बहुसांस्कृतिक स्वयंसेवकों की वृद्धि करना | हरेक स्थल में स्वयंसेवी कार्यबल में शामिल होने के लिए समुदाय से बहुसांस्कृतिक स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करना | मुख्य लोकाधिकारी | 2025 |
| 2.13 पारिवारिक हिंसा को संबोधित करने के लिए सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त समर्थन विकल्प प्रदान करना | a. अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में पारिवारिक हिंसा के बारे में जानकारी की उपलब्धता और आसान सुलभता सुनिश्चित करना | मुख्य नर्सिंग और मिडवाइफरी अधिकारी | 2027 |
| | b. पारिवारिक हिंसा के बारे में विशिष्ट लिंक्स और रेफरल मार्गपथ उपलब्ध कराना, जिसमें पारिवारिक हिंसा के बारे में विशिष्ट परामर्श आसानी से उपलब्ध हों | मुख्य नर्सिंग और मिडवाइफरी अधिकारी | 2027 |




*Grampians Health की समानता, विविधता एवं समावेशन समिति हमारे कार्यस्थल को सभी के लिए अधिक समावेशी बनाने में सहायता के लिए हमारे समुदायों के साथ काम करने के प्रति कृतसंकल्प है। दाईं ओर चित्रित बैलरेट क्षेत्रीय बहुसांस्कृतिक परिषद (बीआरएमसी) के कार्यनीतिक संलग्नता समन्वयक संगीरन मित्रानंदराजा, बीआरएमसी की सीईओ सूज़न रयान-एवर्स, Grampians Health संबद्ध आपात नर्स इकाई के मैनेजर लोकन ऐक्करापारंबिल-रवींद्र, Grampians Health की समानता, विविधता एवं समावेशन अध्यक्षा वेरोनिका फर्नियर, बीआरएमसी के अध्यक्ष डॉ सुंदरम शिवमलाई और चीनी संगठन के जैक यॉंग 2024 में बैलारेट में आयोजित ओणम महोत्सव में शामिल हैं।*

# सांस्कृतिक परिवर्तन

- बहुसांस्कृतिक विविधता और समावेशन को एक विशेष आवश्यकता होने के बजाय मानक कार्यप्रथा बनाना
- स्वास्थ्य कार्यबल में क्षमता निर्माण - इस परिवर्तन को सक्षम बनाने वाली स्थिरता और उत्तरदेयता के लिए सांस्कृतिक रूप से सक्षम कार्यबल महत्वपूर्ण है

| हासिल किए जाने वाले कार्य | परिणाम मापन | उत्तरदायित्व | समय सीमाएँ |
|---|---|---|---|
| 3.1 वरिष्ठ नेतृत्व, कार्यकारी और बोर्ड भूमिकाओं में विविधतायुक्त/बहुसांस्कृतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाना। | वरिष्ठ नेतृत्व, कार्यकारी और बोर्ड भूमिकाओं में विविधतायुक्त/ बहुसांस्कृतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाना। | कार्यकारी अधिकारी | 2028 |
| 3.2 प्रशासन समितियों में बहुसांस्कृतिक उपभोक्ताओं और कर्मियों की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को बढ़ाना | समानता, विविधता एवं समावेशन समिति और कार्य समूहों में शामिल होने के लिए विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से चैंपियनों को आमंत्रित करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2028 |
| 3.3 भाषाई और सांस्कृतिक बाधाओं का सामना करने वाले उपभोक्ताओं की रोगी सुरक्षा में सुधार के नए तरीके खोजने के लिए नियमित रूप से प्रशासन समितियों के साथ संलग्न होना | a. उपभोक्ताओं की सांस्कृतिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घर में अस्पताल में रेफरल पैटर्न की समीक्षा करना। | मुख्य परिचालन अधिकारी | 2027 |
| | b. यह सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश विकसित करना कि उपभोक्ता/समुदाय की सांस्कृतिक विविधता की पहचान की जाए और उसे स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन दिया जाए। | मुख्य लोकाधिकारी | 2027 |
| 3.4 हमारे Grampians Health के लिए भेदभाव-विरोधी नीति का विकास और लागूकरण | a. यह सुनिश्चित करना कि सांस्कृतिक विविधता को Grampians Health की भेदभाव-विरोधी नीति में शामिल किया जाता है। | मुख्य लोकाधिकारी | 2025 |
| | b. Grampians Health के कर्मियों को नस्लवाद के प्रभावों और ऐसी घटनाओं के गवाह व्यक्ति के लिए सुझावों और तकनीकों के बारे में शिक्षित करना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2026 |
| | c. स्वयंसेवकों के लिए सांस्कृतिक विविधता के बारे में प्रशिक्षण और संलग्नता को बढ़ाना। | मुख्य लोक अधिकारी | 2026 |
| | d. नस्लवाद और भेदभाव के विरुद्ध दृष्टिकोण पर स्पष्ट कथन जारी करना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3.5 हमारे कर्मियों के लिए सांस्कृतिक शिक्षाप्राप्ति कार्यनीति को विकसित और लागू करना | a. विविधता प्रशिक्षण मॉड्यूल के अंदर शामिल करने के उद्देश्य से सभी कर्मियों के लिए प्रशिक्षण विकसित करना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2027 |
| | b. सांस्कृतिक प्रोटोकॉलों के (समुदाय के साथ कड़ियों समेत) महत्व के बारे में कर्मियों की समझ को बढ़ाना। | अंतरसांस्कृतिक कार्यकारी समूह | 2026 |
| 3.6 अंतरप्रतिच्छेदन (इंटरसेक्शनल) टीम के सफल समर्थन के लिए लोग प्रबंधकों का विकास करना | a. Grampians Health के लोग प्रबंधकों को सांस्कृतिक परिवर्तन के नेताओं के रूप में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करना। | मुख्य लोक अधिकारी | 2026 |
| | b. अंतरप्रतिच्छेदन (इंटरसेक्शनल) कर्मियों और टीम के सफल समर्थन के लिए लोग प्रबंधन संसाधनों का विकास करना। | मुख्य लोकाधिकारी | 2026 |

